राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर – 302018

Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.8(163)RSSB/प.आ/ लि.ग्रे.।।/कनि.सहा.स.सी.भ.परीक्षा/2026 दिनांकः यथाहस्ताक्षर

–:(परीक्षार्थियों के उपयोगार्थ दिशा निर्देश):–

लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2026 के फेज-II "हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण" परीक्षा के संबंध में दिशा–निर्देश

लिपिक ग्रेड-II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा 2026 के **द्वितीय चरण (Phase-II)** की परीक्षा **दिनांक 21.12.2026 से दिनांक 24.12.2026 एवं 26.12.2026, 28.12.2026, 29.12.2026 तक** (कम्प्यूटर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी में टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण) ऑनलाइन आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा हेतु ई–प्रवेश पत्र अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाईट www.rssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकेंगे।

1. गति/दक्षता परीक्षण परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश द्वारा बन्द होने का निश्चित समय प्रवेश पत्र में अंकित कर सूचित कर दिया जायेगा।
2. उक्त परीक्षा हेतु मॉक टेस्ट का लिंक अलग से बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षा से लगभग 15 दिवस पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका अभ्यर्थी आवश्यक रूप से ट्रायल कर लेवें।
3. लिपिक ग्रेड– II परीक्षा के प्रथम फेज में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को द्वितीय फेज (टंकण/दक्षता) में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के अन्तर्गत निम्नानुसार 4 भागों में करवायी जायेगी :–

प्रश्न पत्र सं.	विषय	समय	अंक	अर्हता हेतु न्यूनतम प्राप्तांक
1	हिन्दी टंकण गति परीक्षण	10 मिनट	25	9
2	अंग्रेजी टंकण गति परीक्षण	10 मिनट	25	9
3	हिन्दी दक्षता परीक्षण	10 मिनट	25	9
4	अंग्रेजी दक्षता परीक्षण	10 मिनट	25	9

नोटः– अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को प्रत्येक फेज के प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम अंकों में 5 प्रतिशत तक शिथिलीकरण उपलब्ध होगा।

4. परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगेः–

क – गति परीक्षण (Speed Test)

- दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं प्रत्येक भाग के लिये 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
- अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph) के रूप में प्रदर्शित किया जावेगा। अंग्रेजी में परिच्छेद 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 400 शब्दों का होगा।
- अंग्रेजी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.05 अंक निर्धारित होंगे तथा हिन्दी में प्रत्येक सही शब्द पर 0.0625 अंक निर्धारित होंगे।
- अभ्यर्थियों द्वारा किये गये टंकण गति कार्य के मूल्यांकन हेतु अंकों की गणना प्रक्रिया में निम्नांकित त्रुटियों के अंक नहीं दिये जावेगें :–
  - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
  - वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 25159618
M e-Sign

- वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
- विराम चिह्नों का यथावत प्रयोग नहीं करना
- शब्द–अंतराल में त्रुटि करना
- अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
- हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
- मात्राओं में की गयी अनावश्यक आवर्ती जो कि दिखनें में नजर नहीं आती किन्तु कम्प्यूटर गलत बताता है। उदाहरणः–
    1. केवल = dsoy
    2. केवल = dssssoy

  इसमें केवल = dsoy को ही सही माना जायेगा।
- वर्णों का टंकण उचित प्रकार से नहीं करना। उदाहरणः–
    1. प = i
    2. प = Ik

  इसमें प = i को ही सही माना जायेगा।

ख – दक्षता परीक्षण (Efficiency Test)

➢ हिंदी दक्षता परीक्षण **MS WORD 2013** एवं अंग्रेजी दक्षता परीक्षण **MS EXCEL 2013** में करायी जायेगी जिसमें पैराग्राफ एवं टेबल से संबंधित प्रश्न दिये जायेंगे। उदाहरणः– Paragraph formatting, Paging, Header, Footer, Font, Background, Table Border, Spacing, Word replace, Cell Formatting, Alignment etc., जिसमें आंकडों या शब्दों का टंकण कैलकुलेशन एवं फोरमेटिंग को दर्शाना होगा द्य —

- ➢ दक्षता परीक्षण का प्रश्न पत्र अभ्यर्थियों को परीक्षा के समय अलग से दिया जायेगा। दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) के लिए 15 अलग अलग प्रश्न दिए जायेंगे।
- ➢ दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) का प्रत्येक भाग 25 अंकों का होगा एवं प्रत्येक भाग के लिये 10 मिनट का समय दिया जायेगा।
- ➢ दक्षता परीक्षा के दौरान कम्प्यूटर की कट–कॉपी–पेस्ट (Cut-Copy-Paste), राईट माउस क्लिक (Right Mouse Click), Select All, सभी फंक्शन–की (Function Keys) के अलावा सभी Keys कार्य करेंगी।
- ➢ CTRL+Z की (Key) का उपयोग करके अभ्यर्थी, स्वयं से किये गये गलत कार्य को मिटा कर सुधार सकता है।
- ➢ प्रत्येक सही कार्य का मूल्यांकन प्रश्न पत्र में आवंटित अंकों के आधार पर किया जायेगा।
- ➢ प्रश्नों में विशेषतः पूछे गये फोरमेटिंग कार्य (Formatting) के अतिरिक्त अन्य कोई फोरमेटिंग व एडिटिंग नहीं करें अन्यथा किये गये कार्य के लिये कोई अंक प्रदान नहीं किये जावेंगे।
- ➢ परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक अभ्यर्थी प्रश्नपत्र के नीचे वर्णित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करके वीक्षक (Invigilator) को वापिस लौटायेगा।
- ➢ प्रश्न जिनके उत्तर दिये जाने है, से संबंधित आवश्यक सामग्री (Paragraph, Table, Text etc.) कम्प्यूटर स्क्रीन पर पहले से ही (By Default) उपलब्ध है, जिस पर ही प्रश्नों को हल करना है। दक्षता परीक्षा के लिए दिए गये, पहले से ही (By Default) उपलब्ध पैराग्राफ व टेबल की अंकित (Typed) सामग्री में प्रश्न पत्र में पूछे गए टास्क के अलावा बदलाव किये जाने या हटाने (DELETE) की स्थिति में, बदलाव किये गए पैराग्राफ व टेबल पर किये गये किसी भी सही कार्य (Task) के अंक प्रदान नहीं किये जायेंगे।


–अन्य दिशा–निर्देश–

अंगेजी टाईप के लिए प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाईपिंग के लिए Standard की–बोर्ड एवं DevLys 010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 25159618
M e-Sign

Hindi Keyboard



नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे DevLys 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ Keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न (Different) **हो सकती है। उक्त की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया है, अभ्यर्थी को DevLys 010 हिन्दी फोंट ही हिन्दी परीक्षा हेतु उपयोग करना है।**


1. **अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्र में दोनो भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण परीक्षा देना तथा उत्तीर्ण हेतु न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।**
2. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपुर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
3. अभ्यर्थी परीक्षा हॉल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कम्प्यूटर पर Login करके अभ्यास परीक्षण (Pratice Test) में अपने की–बोर्ड, माउस व स्क्रीन का परीक्षण करके सुनिश्चित कर लेवें कि की–बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहें हैं अथवा नहीं तथा यह भी सुनिश्चित कर लेवे कि कम्प्यूटर सही ढ़ंग से कार्य कर रहा है अथवा नहीं। **परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**
4. टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का ही उपयोग किया जायेगा।
5. अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रूकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।
6. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।
7. अभ्यर्थी अपना कोई की–बोर्ड एवं कोई की–बोर्ड स्टीगर साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीकर लगाने की अनुमति नहीं है।
8. कम्प्यूटर पर ऑनलाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वयं जिम्मेदार होगें।
9. परीक्षा के दौरान Alt एवं Control Key का उपयोग नहीं करें।
10. टंकण गति परीक्षण में यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और वह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back-Space का उपयोग कर उसे तब तक सुधार सकता है, जब तक उसने अगला शब्द टाइप करने के लिए Enter/Space-Bar का उपयोग नहीं किया है। एक बार Enter/ Space-Bar का उपयोग कर लिये जाने पर Back-Space काम नहीं करेगा।
11. दक्षता परीक्षण में आवश्यकतानुसार Back-Space का उपयोग किया जा सकता है।
12. परीक्षा में किसी शॉर्टकट–की का प्रयोग नहीं करें।
13. पूरी टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
14. यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करें। परीक्षा के उपरान्त इस प्रकार की समस्याओं पर विचार नहीं किया जायेगा।


Signature Not Verified
Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 25159618
M e-Sign

15. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा कम्प्यूटर से अनाधिकृत/अनावश्यक छेडछाड़ की गई तो नियमानुसार उचित कार्यवाही की जावेगी।

टंकण गति एवं दक्षता परीक्षण के संबंध में ऑनलाइन परीक्षा की प्रक्रिया नीचे दिया गये स्क्रीन शॉट्स से समझा जा सकता है:–





RajKaj Ref No.: 25159618
M e-Sign

Signature Not Verified
Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved

Hindi Speed Test/हिन्दी टंकण गतिपरीक्षा

Remaining Time: 00:04:31

समय का सदुपयोग ही मनुष्य के जीवन को सफल और सार्थक बनाता है। जो व्यक्ति समय की कीमत समझता है, वह अपने जीवन में आने वाली हर बाधा को पार कर लेता है। प्रकृति भी हमें निरंतर चलते रहने और अनुशासन का पालन करने की सीख देती है। सूर्य अपने तय समय पर उगता है और ढलता है, ऋतुएं अपने नियत चक्र पर बदलती हैं और नदियां बिना रुके निरंतर बहती रहती हैं। जब पूरी प्रकृति नियमों में बंधी है, तो मनुष्य आलस्य करके अपने भविष्य को कैसे संवार सकता है? अक्सर लोग कठिन कार्यों को कल पर टाल देते हैं, लेकिन वह कल कभी नहीं आता। टालमटोल करने की यह आदत व्यक्ति के आत्मविश्वास को कमजोर करती है और अंत में केवल पछतावा ही हाथ लगता है। सफलता का कोई गुप्त मार्ग नहीं होता, यह केवल निरंतर परिश्रम, धैर्य और सही दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है। यदि हम प्रतिदिन अपने छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करने का संकल्प लें, तो कोई भी बड़ा कार्य असंभव नहीं लगता। जीवन में आने वाली असफलताएं हमें निराश करने के लिए नहीं, बल्कि हमें और अधिक मजबूत बनाने के लिए आती हैं। इसलिए अपने वर्तमान का सम्मान करें, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें और अपने कीमती समय के हर क्षण का सही उपयोग करें।

समय का सदुपयोग ही मनुष्य के जीवन को सफल और सार्थक बनाता है। जो व्यक्ति समय की कीमत समझता है, वह अपने जीवन में आने वाली हर बाधा को पार कर लेता है। प्रकृति भी हमें निरंतर चलते रहने और अनुशासन का पालन करने की सीख देती है। सूर्य अपने तय समय पर उगता है और ढलता है, ऋतुएं अपने नियत चक्र पर बदलती हैं और नदियां बिना रुके निरंतर बहती रहती हैं। जब पूरी प्रकृति नियमों में बंधी है, तो मनुष्य आलस्य करके अपने भविष्य को कैसे संवार सकता है? अक्सर लोग कठिन कार्यों को कल पर टाल देते हैं, लेकिन यह कल कभी नहीं आता।

Hindi Typed Content Preview
हिन्दी टंकित सामग्री पूर्वावलोकन



Roll No. : 00000000
Name : XXXXXXXXXXXXXX

Confirm

Note: Hard copy / Print is disabled.

समय का सदुपयोग ही मनुष्य के जीवन को सफल और सार्थक बनाता है। जो व्यक्ति समय की कीमत समझता है, वह अपने जीवन में आने वाली हर बाधा को पार कर लेता है। प्रकृति भी हमें निरंतर चलते रहने और अनुशासन का पालन करने की सीख देती है। सूर्य अपने तय समय पर उगता है और ढलता है, ऋतुएं अपने नियत चक्र पर बदलती हैं और नदियां बिना रुके निरंतर बहती रहती हैं। जब पूरी प्रकृति नियमों में बंधी है, तो मनुष्य आलस्य करके अपने भविष्य को कैसे संवार सकता है? अक्सर लोग कठिन कार्यों को कल पर टाल देते हैं, लेकिन यह कल कभी नहीं आता।

Remaining Time : 00:00:59

CONFIRMATION



Roll No. : 00000000
Name : XXXXXXXX

Note: Hard copy / Print is disabled.

Please enter your password and confirm your typed content.

Enter Password : [ ] Click To Confirm Close

समय का सदुपयोग ही मनुष्य के जीवन को सफल और सार्थक बनाता है। जो व्यक्ति समय की कीमत समझता है, वह अपने जीवन में आने वाली हर बाधा को पार कर लेता है। प्रकृति भी हमें निरंतर चलते रहने और अनुशासन का पालन करने की सीख देती है। सूर्य अपने तय समय पर उगता है और ढलता है, ऋतुएं अपने नियत चक्र पर बदलती हैं और नदियां बिना रुके निरंतर बहती रहती हैं। जब पूरी प्रकृति नियमों में बंधी है, तो मनुष्य आलस्य करके अपने भविष्य को कैसे संवार सकता है? अक्सर लोग कठिन कार्यों को कल पर टाल देते हैं, लेकिन यह कल कभी नहीं आता।

Remaining Time : 00:03:22


Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved


RajKaj Ref No.: 25159618

M e-Sign

हिन्दी दक्षता परीक्षा




हिन्दी दक्षता परीक्षा Confirmation Screen




Signature Not Verified
Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved
RajKaj Ref No.: 25159618
M e-Sign

English Efficiency Test



English Efficiency Confirmation Screen



Final Uploading Screen



सचिव

क्रमांकः प.8(163)RSSB/प.आ/ लि.ग्रे.।।/कनि.सहा.स.सी.भ.परीक्षा/2026 दिनांकः यथाहस्ताक्षर

प्रतिलिपिः

1. प्रभारी आई.टी. प्रकोष्ठ RSSB को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निर्देशों की सूचना को बोर्ड की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करायें।
2. रक्षित पत्रावली।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Abha Beniwal
Designation : Officer On Special Duty
Date: 2026.10.22 20:20:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 25159618

M e-Sign